रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2026/2430

जबलपुर, दिनांक 10/03/2026

संशोधित अधिसूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/परीक्षा/2026/2421 दिनांक 27/02/2026 के तारतम्य में सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय के संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की सांस्कृतिक/ छात्र संघ /ग्रंथालय उन्नयन/कौशल विकास तथा शारीरिक शिक्षण की समस्त शुल्क राशि पूर्व की भाँति महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के निर्धारित पृथक–पृथक खाते में जमा की जावेगी महाविद्यालय जमा राशि की रसीद लेखा शाखा में नियमानुसार नोट में अंकित बिन्दु क्र. 1 से 2 तक निर्धारित प्रपत्र में एवं आवरण पत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 14 मार्च 2026 तक लेखा शाखा के लिपिक श्री कृष्णकांत दुबे के समक्ष जमा कर पावती प्राप्त करेंगे। लेखा शाखा के लिपिक द्वारा महाविद्यालयवार जमा राशि की जानकारी सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत की जावेगी इस संबंध में प्रत्येक महाविद्यालय को पृथक–पृथक नोड्यूज प्राप्त करने की व्यवस्था समाप्त की जाती है।

विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में निम्नानुसार दर्शाए गए विभिन्न मदों में कुल राशि 1290/– रूपये जमा करना अनिवार्य है।

		विश्वविद्यालय को देय राशि	महाविद्यालय निधि हेतु देय राशि
1.	शारीरिक शिक्षण शुल्क	– 195/–	250/–
2.	कौशल विकास शुल्क	– 30/–	20/–
3.	छात्र संघ शुल्क	– 205/–	100/–
4.	सांस्कृतिक शुल्क	– 205/–	100/–
5.	ग्रंथालय उन्नयन शुल्क	– 85/–	100/–
	कुल योग	**– 720/–**	**570/–**

नोट :–(1) प्राचार्य छात्र संख्या स्वयं प्रमाणित कर विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें (प्रपत्र –1)
(2) विभिन्न मदों में जमा कराई गई राशि को प्रपत्र–2 में बैंक द्वारा प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करें।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ. क्रमांक/परीक्षा/2026/2430"अ"

जबलपुर दिनांक 10/03/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
2. प्रभारी सांस्कृतिक/छात्र संघ/शारीरिक शिक्षण/कौशल विकास/ग्रंथालय उन्नयन, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
3. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग जबलपुर।
4. परीक्षा नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर।
5. वित्त नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर।
6. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव अकादमी/परीक्षा/गोपनीय रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
7. श्री कृष्णकांत दुबे, सहा. ग्रेड–2, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
8. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
9. कुलगुरू जी एवं कुलसचिव जी के निज सहायक, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर